प्रकाशित समाचार

दिनांक : शनिवार,28 सितंबर ,2019

पृष्ठ संख्या : 02

डेली हिन्दी मिलाप

DAILY HINDI MILAP

Hyderabad

इंडियन बैंक कॉर्पोरेट कार्यालय में हिन्दी माह समापन समारोह संपन्न

चेन्नई, 27 सितंबर-(मिलाप ब्यूरो) इंडियन बैंक के चेन्नई स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में 23 सितंबर को हिन्दी माह-2019 के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता इंडियन बैंक की प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुश्री पद्मजा चुन्डूरु द्वारा की गई। इस समारोह में वी. वी. शेणॉय बैंक, के कार्यपालक निदेशक, पी. सी. दास महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा), चंद्रा रेड्डी क्षेत्र महाप्रबंधक, विविध अंचलों के प्रमुख, महाप्रबंधकगण, कार्यपालकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बैंक की प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुश्री पद्मजा चुन्डूरु ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिन्दी एक लोकप्रिय भाषा है और यह ग्राहक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि इंडियन बैंक ने हमेशा ही राजभाषा हिन्दी को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे सब हिन्दी सीखें और अपने काम-काज में प्रयोग करें। बैंक के कार्यपालक निदेशक वी. वी. शेणॉय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि हिन्दी प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्टॉफ सदस्यों के मध्य छिपी प्रतिभा को उजागर किया जाता है और इस प्रकार टीम का विकास होता है। उन्होंने प्रेरणा के माध्यम से राजभाषा हिन्दी के प्रसार करने पर ज़ोर दिया और कहा कि इसके लिए नई तकनीकी का अधिकाधिक सहयोग लिया जाए। पी.सी. दास महाप्रबंधक (मासंप्र/राभा) ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हिन्दी हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार करना हमारी ज़िम्मेदारी है और बताया कि इंडियन बैंक अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन करता है। अवसर पर प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुश्री पद्मजा चुन्डूरु ने इंडियन बैंक की वेबसाइट पर विशेष राजभाषा वेब पेज का अनावरण किया। इस वेब पेज के माध्यम से राजभाषा संबंधी जानकारियाँ एवं सूचनाएँ प्राप्त की जा सकती हैं। उनके द्वारा अपने स्टॉफ सदस्यों के लिए 'बैंकर-ग्राहक संवाद' नामक त्रिभाषी पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इसी क्रम में उन्होंने बैंक के एक अधिकारी इरेश पाण्डेय द्वारा लिखित उपन्यास 'एक कहानी और' का भी विमोचन किया। हिन्दी माह-2019 के दौरान स्टॉफ सदस्यों एवं उनके बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। हिन्दी गीत गायन प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने एक बार फिर अपने तरानों से सभा को सम्मोहित किया। राजभाषा विभाग द्वारा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी एवं राजभाषा विभाग की उपलब्धियों को स्टॉफ सदस्यों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

बेंगलुरू से कलबुर्गी के लिए विशेष ट्रेन चलाने की माँग

कलबुर्गी, 26 सितंबर-(संजय दंतकाले)

कलबुर्गी के सांसद डॉ. उमेश जाधव ने दशहरा, दीपावली त्यौहार के अवसर पर बेंगलुरू तथा कलबुर्गी के बीच विशेष रेल चलाने की माँग की है। उन्होंने केन्द्रीय रेल राज्य-मंत्री सुरेश अंगड़ी को इस संबंध में पत्र लिखा है।

राज्य में दशहरे को नाडहब्बा (राज्य का त्यौहार) के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बेंगलुरू के निवासी कलबुर्गी वापस आते हैं। इससे यात्रियों को कलबुर्गी आगमन के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में प्रतीक्षा सूची 250 पार कर चुकी है। इसी के मद्देनजर सांसद डॉ. उमेश जाधव ने दशहरा व दीपावली के अवसर पर विशेष ट्रेन चलाने की रेल मंत्रालय से माँग की है।

Largest Selling HINDI DAILY Published from Hyderabad
Member: INS, ABC, MRUC and ILNA
Read us online at: www.webmilap.com